सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

संदेश

विदेश मंत्रालय व भारतीय दूतावासों और कार्यालयों द्वारा 10 जनवरी 2021 को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाए जाने के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई।

विश्व पटल पर भारत की मजबूत पहचान के साथ हिन्दी ने निरंतर प्रगति की है, और आज यह विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल है।

भारत भूमि अनेक संस्कृतियों, भाषाओं व बोलियों की धरा रही है। यह गर्व का विषय है कि यहां पुष्पित-पल्लवित कला व ज्ञान से संपूर्ण मानवता को लाभ हुआ है। विविधिता में एकता की हमारी परंपरा को हिन्दी भाषा ने सतत् समृद्ध किया है।

हिन्दी भाषा की सहजता इसे विशिष्ट बनाती है। हम दुनिया के किसी भी कोने में हों, जब हमारे कानों में कहीं से हिन्दी के शब्द पड़ते हैं तो एक विशेष स्नेह का भाव हमारे मन में आता है।

तेजी से बदलते विश्व में हिन्दी पारंपरिक के साथ ही डिजिटल माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंच रही है। कोरोना महामारी के दौरान लोगों तक शीघ्रता से जानकारियां पहुंचानी हों या शिक्षण, प्रशिक्षण, कौशल और व्यवसाय से जुड़े कार्य हों, हिंदी की सरलता और व्यापकता को सभी ने एक नए सिरे से अनुभव किया है।

अपनी भाषा को हम आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाते हुए, इसके अधिकतकम प्रयोग को सुनिश्चित करके इसे आगे बढ़ा सकते हैं। मुझे विश्वास है कि देश-विदेश में रह रहे सभी हिन्दी प्रेमी इसके व्यापक प्रचार-प्रसार और इससे अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में देश-विदेश में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
पौष 17, शक संवत् 1942
07 जनवरी, 2021